देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 22.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उद्योग जगत और परामर्श संस्थाओं ने चार श्रम संहिता लागू करने का स्वागत किया। रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए इसे एक बड़ा कदम बताया।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा– सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश के प्रत्येक गांव तक पहुंचाया जाएगा ताकि आत्मनिर्भर उत्तराखंड का लक्ष्य साकार हो सके।
- शीतकाल में कोहरे के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए नैनीताल रेल रूट पर चलने वाली सभी रेलगाड़ियाँ जीपीएस–आधारित फ़ॉग सेफ़ डिवाइस से लैस होंगी।
- और.... पिथौरागढ़ में छठे राज्य वित्त आयोग की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न। आयोग के अध्यक्ष एन. रवि शंकर ने जिला पंचायत की योजनाओं को तकनीक–आधारित बनाने पर विशेष जोर दिया।

चार श्रम संहिता

उद्योग जगत और परामर्श संस्थाओं ने देश में चार श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया है। उन्होंने इसे एतिहासिक कदम बताते हुए कहा है कि इन सुधारों से औपचारिक रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा और नियमों का पालन आसान होगा।

जन मिलन कार्यक्रम

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर गांव–गांव तक पहुंचाया जाएगा ताकि आत्मनिर्भर उत्तराखंड का लक्ष्य साकार हो सके। अल्मोड़ा के चुराड़ी और जाखसौड़ा गांव में आयोजित जन मिलन कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरा श्रीमती आर्या ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए तत्काल निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

वहीं, चुराड़ी, मल्ला गांव और गंगा कोटली के लिए सामूहिक पेयजल योजना की मांग पर मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की सहमति मिलते ही इस योजना पर कार्यवाही शुरू की जाएगी।

डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

केंद्रीय पेंशन मंत्रालय की ओर से नई टिहरी जिले के चंबा में पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट का आयोजन किया गया। चंबा में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में पेंशनभोगियों को फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से अपना डीएलसी जमा करने में सहायता प्रदान की गई तथा उन्हें इस प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। पेंशन विभाग के निदेशक ने बताया कि एनआईसी डीएलसी पोर्टल के माध्यम से दैनिक प्रगति पर भी नज़र रखी जा रही है, जिससे बैंकों और विभागों द्वारा जमा आँकड़ों की रियल–टाइम मॉनिटरिंग संभव हो रही है।

गौरतलब है कि प्रदेशभर में डिजिटल सशक्तिकरण के तहत 1 से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

बरामद

अल्मोड़ा जिले के थाना सल्ट क्षेत्र के एक स्कूल के समीप संदिग्ध विस्फोटक की सूचना पर पुलिस टीम ने घटनास्थल से 161 जिलेटिन की छड़ें बरामद की हैं। इस मामले में थाना सल्ट में अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। जैलेटिन की छड़ें किसके द्वारा और क्यों लाई गई थी इस संबंध में पुलिस टीम विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सामान्यतः जैलेटिन की रॉड सड़क निर्माण कार्यों में पत्थर तोड़ने के काम में लाई जाती है।

रेलवे

शीतकाल में कोहरे के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने रेलगाड़ियों के सुरक्षित संचालन के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। नैनीताल से हमारे संवाददाता ने बताया कि काठगोदाम, लालकुआँ और रामनगर रेलवे स्टेशनों से चलने वाली सभी रेलगाड़ियाँ अब जीपीएस–आधारित फ़ॉग सेफ़ डिवाइस से सुसज्जित होकर चलेंगी। उन्होंने बताया कि लालकुआँ और उसके निकट स्थित हल्दी रेलवे स्टेशन से विभिन्न गंतव्यों के लिए जाने वाली मालगाड़ियाँ भी इस डिवाइस से लैस रहेंगी।

राज्य वित्त आयोग

पिथौरागढ़ में छठे राज्य वित्त आयोग की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयोग के अध्यक्ष एन. रवि शंकर ने कहा कि राज्य को प्राप्त वित्तीय संसाधनों का उपयोग सतत, पारदर्शी और परिणाम–केंद्रित

तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने जिला पंचायत की योजनाओं को तकनीक–आधारित बनाने तथा केंद्र व राज्य योजनाओं के प्रभावी समन्वय पर विशेष जोर दिया।

बैठक में सभी ब्लॉकों के प्रमुख, जनप्रतिनिधि, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, जिला पंचायत राज अधिकारी हरीश आर्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मत्स्य पालन/किसान आजीविका

पौड़ी गढ़वाल में मत्स्य उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और यह पहाड़ के ग्रामीण इलाकों में आजीविका का महत्वपूर्ण स्रोत बनता जा रहा है। जिले में आधुनिक तकनीक, उपयुक्त जलवायु और प्रशिक्षित मत्स्य पालकों के सहयोग से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट–

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 56वें संस्करण का आज तीसरा दिन है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि फिल्मोत्सव में आज का दिन सिनेमा प्रेमियों के लिए कई रंगारंग प्रस्तुतियां लेकर आ रहा है।

सम्मान

नैनीताल जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने पुलिस लाइन नैनीताल में भव्य परेड और मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर जवानों की ड्रिल, शारीरिक दक्षता और अस्त्र संचालन का प्रत्यक्ष परीक्षण किया गया। इसके बाद पुलिस लाइन सभागार में सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना, चौकी व शाखा प्रभारियों की मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी संपन्न हुई। डॉ. टीसी ने अधिकारिया–कर्मचारियों की समस्याएं सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था के लिए प्रत्येक अधिकारी को भू–स्तर पर सक्रियता दिखानी होगी।

सफाई अभियान

धर्मनगरी हरिद्वार को क्लीन एवं मॉडल बनाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ हरिद्वार अभियान के अनुपालन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया।
इस संबंध में एसडीओ वन विभाग पूनम कैथोला ने अवगत कराया कि एनएच 34 समीप श्यामपुर वन क्षेत्रांतर्गत वन विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने बताया कि हर की पौड़ी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए वाल्मीकि मंदिर व नाई घाट पर लगाई गई अवैध दुकानों को जिला प्रशासन की टीम द्वारा हटाया गया उन्होंने कहा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

उधर इसी क्रम में भेल उपनगरी की स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए उपनगरी प्रशासक संजय पंवार ने व्यापारियों सहित सभी स्टेकहोल्डर से सहयोग की अपील की है। उन्होंने भेल के व्यापारियों के साथ हुई बैठक में कहा कि हमारा लक्ष्य भेल उपनगरी को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त व पॉलिथीन विहीन बनाना है।